MPS

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

सत्रीय कार्य

(एम.ए. द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए)

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र के लिए

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

वैकल्पिक पाठ्यक्रम : एम.ए. द्वितीय वर्ष (राजनीति विज्ञान)

प्रिय विद्यार्थी,

इस शैक्षिक सत्र से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा। प्रत्येक सत्रीय कार्य में वर्णनात्मक और लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों (डी.सी.क्यू.) का तात्पर्य प्रस्तावना और निष्कर्ष के साथ निबंधात्मक उत्तरों के रूप में लिखने हैं। इनका उद्देश्य विषय के बारे में आपकी समझ/ज्ञान को व्यवस्थित, प्रासंगिक और सुसंगत रूप से विश्लेषण करने की योग्यता की जाँच करना है। लघु श्रेणी के प्रश्न (एस.सी.क्यू.) आपसे अपेक्षा रखते हैं कि आप पहले विषय को तर्कों और व्याख्याओं के आधार पर विश्लेषित करें और फिर उत्तरों को संक्षेप में लिखें। इनका उद्देश्य अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की आपकी समझ और समलोचनात्मक विश्लेषण की क्षमता की जाँच करना है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य) के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने ही शब्दों में लिखें। आपके उत्तर संबंधित भाग के लिए निर्धारित की गई शब्द—सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखिए, सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन शैली में सुधार होगा और यह आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

इस पुस्तिका में, हमने एम.ए. (राजनीति विज्ञान) के द्वितीय वर्ष में उपलब्ध सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्यों को सम्मिलित किया है। आपको केवल उन्हीं सत्रीय कार्यों को करना होगा जिन पाठ्यक्रम के लिए आप पंजीकृत हैं और शेष सत्रीय कार्यों को छोड़ देना होगा।

प्रस्तुतीकरण : आपको सत्रांत परीक्षा देने के पात्र होने के लिए निर्धारित अनुसूची के भीतर सभी सत्रीय कार्यों को जमा करना होगा। पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा कराएँ:

अनुसूची

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	किसके पास जमा करें
जुलाई 2025 सत्र के लिए	**31 मार्च 2026**	**अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करें।**
जनवरी 2026 सत्र के लिए	**30 सितम्बर 2026**	

जमा कराए गए सत्रीय कार्यों को अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा कराएँ। जमा कराए गए सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त कर लें और उसे अपने पास संभाल कर रखें। अगर संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोप्रति भी अपने पास रखें।

सत्रीय कार्यों को मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र आपको वापस कर देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन केन्द्र द्वारा अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पास भेजना होता है।

एमपीएसई–005 : अफ्रीका में राज्य और समाज

सत्रीय कार्य

(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः एमपीएसई-005
सत्रीय कार्य कोडः एएसएसटी/टीएमए/2025-26
पूर्णांकः 100

आपको कुल पाँच प्रश्न करने हैं, प्रत्येक भाग में से कम से कम दो प्रश्नों का चयन करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द–सीमा लगभग 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

भाग – I

1. पता लगाइए कि अफ्रीका कैसे अस्तित्व में आया।

2. अफ्रीका में दास व्यापार पर एक टिप्पणी लिखिए।

3. अफ्रीका में राष्ट्रवाद के उदय पर विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

4. अफ्रीका में राज्य की प्रकृति का परीक्षण कीजिए।

5. विशाल अफ्रीकी संकट क्या था? व्याख्या कीजिए।

भाग – II

निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त लेख लिखिए।

6. क) एकतंत्र शासन
   ख) राजनीति में सेना

7. क) संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम (SAP)
   ख) अफ्रीका का सींग (Horn of Africa)

8. क) अफ्रीका में संघर्ष के कारण
   ख) अफ्रीकी एकता संगठन (OAU)

9. क) मानव सुरक्षा
   ख) नृजातीयता और राष्ट्रवाद

10. क) प्रत्यक्ष हिंसा
    ख) अफ्रीकी संघ (AU)